




साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**






वर्ष : 6 | अंक : 29    गोंदिया : गुरुवार, दि. 26 फरवरी से 4 मार्च 2026    ■ पृष्ठ : 4   ■ मूल्य : रु. 5


## विशाल हिंदू सम्मेलन में सामाजिक एकता का दिया संदेश




**बुलंद गोंदिया ।** सेल टैक्स कॉलोनी फुलचुर टोला में आयोजित में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में हजारों की संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। सकल हिंदू समाज द्वारा सेल टैक्स कॉलोनी शारदा चौक में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें कार्यक्रम के शुभारंभ में दोपहर 2ः00 बजे शिव मंदिर फूलचुर नाका से कलश यात्रा आयोजित की गई इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक वाद्य यंत्रों व जयकारों के साथ शोभायात्रा शारदा चौक पहुंची जहां स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजनों की प्रस्तुति जिस परिसर का वातावरण भक्ति में हो गया। आयोजित सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विदर्भ प्रांत के प्रांत संघ चालक दीपक तामशेट्टीवार ने अपने संबोधन में हिंदू जागरण, सनातन संस्कृति के संरक्षण व सामाजिक समरसता पर बल दिया उन्होंने समाज को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आवाहन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गीता कुटी सत्संग आश्रम गीधाड़ी के पूज्य स्वामी यशेश्वरानंद सरस्वती महाराज प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

उपरोक्त सम्मेलन में संतों के सानिध्य में भक्तों को आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त हुआ शाम को वंदे मातरम भारत माता की आरती के साथ समारोह का समापन हुआ कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया उपरोक्त कार्यक्रम के संयोजक सचिन (बंटी) मिश्रा व सहसंयोजक परमेश्वर लिचड़े थे।

## रेती से भरे दो ट्रेक्टर पर कार्रवाई राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**रावणवाड़ी** –अवैध कर दो ट्रैक्टर में रेती लाद कर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों पर राजस्व और रावणवाड़ी पुलिस द्वारा 24 फरवरी को माकडी परिसर में कार्रवाई कर दो लोगों पर जुर्माना लगाया है. जानकारी के अनुसार, 24 फरवरी को एमएच 35 एआर 9970 तथा एक बिना क्रमांक का ट्रेक्टर अवैध उत्खनन कर रेती ले जा रहा था.

इसी बीच गस्त के दौरान थानेदार वैभव पवार के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक नावकार, हवलदार पाडे और राजस्व अधिकारी चौहान ने दोनों ट्रेक्टर पर कार्रवाई कर दोनों ट्रेक्टर चालकों और मालक पर जुर्माना लागाया है.

उल्लेखनीय है कि तेढ़वा, कासा काटी, डांगोर्ली नदी घाट से बडे पैमाने पर रेती का अवैध उत्खनन हो रहा है. जिस वजह से नदी परिसर का जलस्तर और इन चारों गांवों के सड़क ट्रैक्टर, टिप्पर बड़े पैमाने पर आवागमन करने से खराब हो गई है. क्षेत्रीय नागरिकों ने अवैध उत्खनन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है.

## मल्टीमीडिया प्रदर्शनी से जिले के नागरिको को मिल रही योजनाओं की जानकारी-प्रजित नायर

### जिला सूचना कार्यालय की सराहनीय पहल



**बुलंद गोंदिया।** योजनाओं की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के माध्यम से जिले के नागरिक शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, ऐसी प्रतिक्रिया जिलाधिकारी प्रजित नायर ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते समय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिला सूचना कार्यालय ने इस वर्ष जिला वार्षिक योजना के अंतर्गत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी आयोजित कर एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह कार्यालय का अत्यंत सराहनीय उपक्रम है।

नई प्रशासकीय ईमारत में जिला सूचना कार्यालय की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी में शासन के विभिन्न विभागों की कुल 40 योजनाओं की चित्रमय जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। प्रत्येक पैनल पर योजना का स्वरूप, लाभ का प्रकार, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा संपर्क विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की गई है।

जिला धिकारी नायर ने नागरिकों से अपील की कि वे इस प्रदर्शनी का लाभ उठाकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और संबंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर योजनाओं का लाभ लें। जिले के नागरिकों को मल्टीमीडिया माध्यम से योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह छायाचित्र प्रदर्शनी 24 से 26 फरवरी 2026 तक नवीन प्रशासकीय इमारत, तळमजला, जयस्तंभ चौक में आयोजित की गई है। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सभी के लिए खुली है। आयोजकों ने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रदर्शनी देखने की अपील की है।

## राज्य शासन के उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार-2025 हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित




**बुलंद गोंदिया।** माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय द्वारा उत्कृष्ट पत्रकारिता, उत्कृष्ट लेखन, उत्कृष्ट दूरचित्रवाणी समाचार कथा, उत्कृष्ट छायाचित्रकार, समाज माध्यम तथा स्वच्छता अभियान विषयक जनजागृति पर आधारित लेखन के लिए पुरस्कार प्रतियोगिता घोषित की गई है। इसी क्रम में इस वर्ष भी गोंदिया जिले के पत्रकारों से पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता के लिए दिनांक 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान प्रकाशित लेख, छायाचित्र तथा समाचार कथाओं की प्रविष्टियाँ स्वीकार की जाएंगी। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। गोंदिया जिले के सभी पत्रकारों से अपील की जाती है कि वे राज्य शासन के उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार 2025 हेतु जिला सूचना कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन प्रपत्र dgipr.maharashtra.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## बारिश से सड़कें कीचड़ से भरी मुंडीपार में प्रशासन पर कार्रवाई की मांग



**गोंदिया**–गोंदिया तहसील के मुंडीपार (खुर्द) गांव में यह बात सामने आई है कि इस हल्की बारिश में भी गांव की सड़कें कीचड़ से भरी हो गई हैं. इससे स्थानीय ग्रापं के विकास कार्यों की पोल खुल गई है. कीचड़ भरी सड़कें देखकर यहां के लोग बहुत नाराज हैं और गांववालों ने जिला प्रशासन से ग्रापं प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. इस हल्की बारिश की वजह से यहां की मुख्य सड़कें कीचड़ से भर गई हैं. इस वजह से लोगों का इस कीचड़ भरी सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है. कई स्कूली विद्यार्थी और महिलाओं को इस कीचड़ भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है. यह भी खबर है कि इस कीचड़ में फिसलकर कई बुजुर्ग जख्मी हो गए हैं. इस वजह से यहां के लोगों ने अपना गुस्सा निकाला और ग्रापं प्रशासन को आड़े हाथों लिया. गांव वाले यहां ग्रापं के ढीले रवैये से नाराज हैं और उन्होंने यहां ग्रापं प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है.

## मनरेगा में एमआईएस की भर्ती फर्जी दस्तावेजों पर युवाओं की आवाज गैर राजकीय संघटन ने की कार्रवाई की मांग




**बुलंद गोंदिया।** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार हमी योजना के अंतर्गत गोंदिया जिला कार्यालय में पदस्थ एमआईएस पद पर नियुक्त कर्मचारी किशोर मांडले की नियुक्ति बोगस दस्तावेजों के आधार पर की गई है जिस पर जांच कर कार्रवाई की मांग युवाओं की आवाज गैर राजकीय संघटन के जिला अध्यक्ष सचिन रहांगडाले द्वारा आयोजित पत्र परिषद में प्रशासन से की है। युवाओं की आवाज गैर राजकीय संघटन के जिला अध्यक्ष सचिन रहांगडाले द्वारा आयोजित पत्र परिषद में आरोप लगाते हुए कहा कि जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया में मनरेगा कार्यालय में कार्यरत जिला समन्वयक किशोर मांडले लातूर निवासी की पद पर नियुक्ति इन्फोटेक लिमिटेड कंपनी द्वारा की गई है जिसमें नियमों का उल्लंघन कर आवश्यक दस्तावेज न होने के बावजूद की गई है। इस मामले की शिकायत मनरेगा आयुक्त के साथ ही जिलाधिकारी को भी की गई है किंतु अब तक उसे पर कार्रवाई न कर टालमटोल किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि इस पद पर जिले के अथवा जिले के आसपास के जिले के व्यक्ति की नियुक्ति की जानी चाहिए लेकिन इस पर भी शासन द्वारा अनदेखी की गई है। विशेष यह की जिला समन्वयक को तकनीकी अनुभव न होने के चलते गोंदिया जिले के मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के दौरान निधि मिलने में जिले को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस कारण कि कुशल, अर्ध कुशल व्यक्ति व सार्वजनिक कामों की निधि प्रलंबित इस कारण हो रही है। तथा वर्ष 2022-23 में एफटी ओ रद्द किया गया है। रद्द किए गए बिल को नयी प्रणाली में पेश करना होता था किंतु उपरोक्त अधिकारी द्वारा यह नहीं किया गया है। जिला समन्वयक मांडले की इस अनाधिकृत रूप से नियुक्ति का विरोध गैर राजकीय संघटना द्वारा किए जाने पर उपरोक्त अधिकारी द्वारा संघटना के पदाधिकारी को झूठे आरोपों में फंसने की धमकी भी दी जा रही है। इन सभी मामले की जांच करने की मांग संघटना द्वारा की गई है उल्लेखनीय कि उपरोक्त कर्मचारी कंट्राटी पद्धति पर लगाया गया है किंतु इतनी खामियां होने के बावजूद भी उसे फिर से नियुक्ति दी जा रही है, यदि इस मामले में प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष आंदोलन करने की चेतावनी युवाओं की आवाज गैर राजकीय संघटना के जिला अध्यक्ष सचिन रहांगडाले वह अन्य पदाधिकारी द्वारा दी गई है। आयोजित पत्र परिषद में नरेंद्र चिखलौंडे, आरती पारधी, मुनेश्वर चिखलौंडे, गणेश पटले, इमरान कुरैशी, नितिन तुरकर, अशोक सोनटक्के शीतल पांचे मंगेश शेडे आदि उपस्थित थे।

## तेंदुए को अज्ञात वाहन ने मारी जबरदस्त टक्कर घटनास्थल पर हुई मौत



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया वन विभाग के अंतर्गत आने वाले सड़क अर्जुनी वन परिक्षेत्र के सहवन क्षेत्र नैनपुर/ डुग्गी पर ग्राम के समीप राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 06 (53) पर अज्ञात वाहन ने तेंदुए को जबरदस्त टक्कर मार दी जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई उपरोक्त घटना 22 फरवरी को 1.30 बजे के दौरान घटित हुई। गौरतलब है की गोंदिया जिले के संरक्षित वन क्षेत्र से लगे ग्रामों व राष्ट्रीय महामार्गों पर आए दिन वन्यजीवों की वाहन दुर्घटना में मौत होने के मामले सामने आते हैं, इसी के अंतर्गत 22 फरवरी को 1.30 बजे के दौरान सड़क अर्जुनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सहवन क्षेत्र कोहमारा नैनपुर /डुग्गीपार ग्राम के समीप राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 06(53) में एक अज्ञात वाहन ने नर तेंदुए को जबरदस्त टक्कर मार दी जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस हादसे की जानकारी वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी को प्राप्त होते ही वह घटनास्थल पर पहुंचकर उसका निरीक्षण किया तो तेंदुआ मृत अवस्था में दिखाई दिया तथा उसके मुंह से खून निकल रहा था प्राथमिक चरण में मृत तेंदुए के सभी अंग सलामत दिखाई दिए। मृत तेंदुएका शव विच्छेदन वन डिपो डोंगरगांव में उपवन संरक्षक गोंदिया पवन कुमार जोंग , सहायक वन संरक्षक रोहयो सचिन डोंगरवार, वन परिक्षेत्र अधिकारी सड़क अर्जुनी मिथुन तरोने, पशुवैद्यकीय अधिकारी एन एन टी आर के डॉक्टर मेघराज तुलावी , पशुधन विकास अधिकारी सड़क अर्जुनी गुणवंत भड़के, पंकज वाघाएं , नायब तहसीलदार जे आर जाभुरकर मानद वन्य जीव रक्षक सावन बा हेकर, हिरवाल संस्था के रुपेश निबार्ते पुलिस पाटिल डोंगरगाव विनोद अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। साथ ही मृत तेंदुए की अंदरूनी अंग जांच के लिए सील बंद किया गया तथा उपस्थित सभी वन अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया। उपरोक्त प्रकरण में इस घटना की जांच उप वन संरक्षक गोंदिया वन विभाग के मार्गदर्शन में सहायक वन संरक्षक रोहयों वन्य जीव गोंदिया द्वारा की जा रही है।

## पलाश मिनी सरस से जिले में महिला बचत गटो के उत्पादनो को मिलता सही बाजार-जिलाधिकारी प्रजीत नायर



**बुलंद गोंदिया**–रूरल डेवलपमेंट और पंचायत राज विभाग के तहत महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नती अभियान (उमेद) ने 17 से 21 फरवरी, 2026 तक इंदिरा गांधी स्टेडियम गोंदिया में पलाश मिनी सरस एग्ज़िबिशन लगाई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रजीत नायर ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में महिला बचत गटो के टैलेंट और उनके प्रोडक्ट्स को सही मार्केट देने वाली यह पहल तारीफ़ के काबिल है। उन्होंने हैंडीक्राफ्ट और घरेलू सामान, महिलाओं द्वारा बनाई गई आकर्षक चीज़ें, बांस का काम और बुनाई का सामान देखा। इस समय , उन्होंने जिले के अलग-अलग तालुका से आए असली खाने की चीज़ों, ऑर्गेनिक चावल, मसालों और जंगल से मिले प्रोडक्ट्स के हर स्टॉल का दौरा किया और महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप की मेंबर्स से बातचीत की। उन्होंने उनके प्रोडक्ट्स बनाने के प्रोसेस, पैकेजिंग और सेल्स सिस्टम के बारे में जाना। इस मौके परजिला ग्रामीण विकास यंत्रणा प्रकल्प संचालक प्रमिला जाखलेकर, जिला अभियान व्यवस्थापकनरेंद्र रहांगडाले और नागरिक मौजूद थे।

## बाइक दुर्घटना में 1 की मौत, 2 घायल

**गोंदिया**–अर्जुनी मोरगांव तहसील के देऊलगांव-बोदरा जंगल परिसर में हुई दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए. मृत व्यक्ति का नाम पालांदुर निवासी मंगेश शिवनकर (40) तथा घायल युवकों का नाम माहुरकुड़ा निवासी दिगंबर जयदेव मडावी (30) व गजेंद्र मारोती मेश्राम (27) बताया गया है. घायलों को तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची. आगे की जांच शुरू है.



## बजट सत्र में विधायक विनोद अग्रवाल ने उठाई धान उत्पादक किसानों की आवाज



**बुलंद गोंदिया। ( मुंबई )**- मुंबई में शुरू महाराष्ट्र राज्य के बजट सत्र के दुसरे दिन गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल ने धान उत्पादक किसानों की आर्थिक चिंता से सरकार को अवगत कराकर उन्हें त्वरित राहत देने की मांग उठाई। विधायक द्वारा अधिवेशन के दुसरे दिन धान उत्पादक किसानों की उठायी गई मांग से विधानसभा गूंज उठा। विधायक ने सरकार से कहा कि, हमारा धान उत्पादक किसान भाई बोनस न मिलने से, धान की लिमिट न बढ़ने से एवं बिक्री धान के चुकारे न मिलने से चिंतित और आर्थिक रूप से बदहाल है। सरकार इस अधिवेशन में धान पर 20 हजार रुपये बोनस, धान बिक्री की लिमिट बढाकर एवं धान बिक्री की भूगतान राशि का निर्णय लेकर किसानों को राहत प्रदान करेगी ऐसी अपेक्षा है। किसानों के इस गंभीर विषय पर सरकार ने तत्काल ध्यानकेन्द्रित कर इसी अधिवेशन में निर्णय लेने की सहमति दर्शायी है। विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा उठायी मांगों पर धान पर बोनस, धान लिमिट और प्रलंबित चुकारे का प्रश्न जल्द हल होगा ऐसा साफ दिखाई दे रहा है।

## संपादकिय...

### व्यापार समझौते का सच

हम एक लोकतांत्रिक देश हैं, लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और विरोध-प्रदर्शन हमारे संवैधानिक और मौलिक अधिकार हैं। हम प्रधानमंत्री, मंत्रियों, सरकार और नीतियों की आलोचना और विरोध कर सकते हैं, लेकिन ये अधिकार निरंकुश नहीं हैं। उनकी अपनी सीमा, समय और मर्यादाएं तय हैं। जरा संविधान के संबद्ध अध्याय को पढ़ लीजिए। ये अधिकार देश की जन-व्यवस्था को बिगाडने् वाले नहीं होने चाहिए। किसी के घर में घुसकर आंदोलन खड़े नहीं किए जा सकते। युवा कांग्रेस के 'बेकमीज' कार्यकर्ताओं ने एआई शिखर सम्मेलन में घुसकर जो उत्पात मचाया था, उसे देश ने भी खारिज किया और कांग्रेस के सहयोगी दलों ने भी मुखालफत की, नाराजगी जताई, क्योंकि यह देश के मान-सम्मान का सवाल था। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करना था, तो पूरा देश खाली पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही आंदोलन-स्थल चिह्नित हैं। कांग्रेस के युवाओं ने एक वैश्विक मंच को तितर-बितर करने की कोशिश की थी। दिल्ली पुलिस ने कुछ गैर-जमानती, गंभीर धाराओं में केस दर्ज किए हैं और 8 उपद्रवी उसकी रिमांड पर हैं। कांग्रेस इन दंगाइयों को 'बब्बर शेर' करार दे रही है और ऐसे प्रदर्शनों के लिए उकसा रही है। केस में 'आपराधिक साजिश', देश की अखंडता के खिलाफ, दंगे में शामिल होना और भडक़ाने, लोकसेवक पर हमला आदि की धाराएं लगाई गई हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब को भी रिमांड पर लिया गया है। अब इसे व्यापार समझौता बनाम किसान बनाम प्रधानमंत्री का मुद्दा बना दिया गया है। 'किसान महाचौपाल' की पहली रैली के लिए भोपाल चुना गया, क्योंकि मप्र में करीब 83.50 लाख किसान हैं। मप्र को 'सोया स्टेट' कहा जाता है, जहां देश के करीब 45 फीसदी सोयाबीन का उत्पादन होता है। करीब 50 लाख किसान सोयाबीन की खेती करते हैं। दरअसल देश की हकीकत यह है कि भारत करीब 60 फीसदी सोयाबीन एवं खाद्य तेल अर्जेन्टीना से आयात करता है और 20 फीसदी तेल ब्राजील से लेते हैं। मात्र 2 फीसदी खाद्य तेल अमरीका से आयात किया जाता है। भारत दशकों से 75 फीसदी खाद्य तेल और दालें आयात करता रहा है, क्योंकि भारत में खपत इतनी है और भारतीय किसान इतना उत्पादन करने में असमर्थ है। भारत कुल 1.61 लाख करोड़ रुपए का खाद्य तेल आयात करता है। क्या इन दशकों में हिंदुस्तान नहीं बिका? या किसान खत्म नहीं हुए? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने अमरीका के साथ व्यापार समझौते के जरिए हिंदुस्तान को ही बेच दिया। वस्त्र उद्योग बर्बाद कर दिया। किसानों को खत्म (सोयाबीन, कपास के संदर्भ में) कर दिया और देश का महत्वपूर्ण डाटा अमरीका को दे दिया। चूंकि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और प्रधानमंत्री का लगातार विरोध करना ही उनका राजनीतिक दायित्व है। भारत के लोकतंत्र में नेता विपक्ष को 'छाया प्रधानमंत्री' कहते हैं, क्योंकि वह दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद है। राहुल गांधी कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन सच तो यह है कि अभी अमरीका के साथ व्यापार समझौता हुआ ही नहीं है। सिर्फ फ्रेमवर्क हुआ था, जिसे कभी भी खारिज किया जा सकता है। अब अमरीकी सर्वोच्च अदालत के 'अवैध टैरिफ' वाले फैसले के बाद दोनों पक्ष पुनर्विचार कर रहे हैं, बैठक भी टाल दी गई है।

## किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या अत्यंत गंभीर (विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस विशेष 02 मार्च 2026)

आज के आधुनिक युग में मनुष्य जिस प्रकार से खुद को उन्नत महसूस कर रहा है, उससे ज्यादा खुद को समस्याओं में घिरा पा रहा है, इसमें विशेष है मानसिक स्वास्थ्य समस्या। हर उम्र के लोग कभी न कभी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से अक्सर रूबरू होते है या हुए है, सुख-शांति बस नाम की नजर आती हैं। ऐसा लगता है, जैसे हर कोई किसी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जी रहा हैं। आजकल किशोरवयीन बच्चों में भी मानसिक स्वास्थ्य समस्या का विषय बेहद घातक स्तर पर पहुंच गया हैं। किशोरों में लगातार बढ़ता आपराधिक ग्राफ भी गंभीर नजर आता है, इस उम्र के बच्चों में गुस्सा, तनाव, द्वेष, सहनशीलता की कमी, नशाखोरी जैसी समस्या तेजी से बढ़ी हैं। हम अक्सर किशोरों द्वारा किये जानेवाले घटनाओं और कृत्यों को जानकर दंग रह जाते है कि, अभिभावकों ने केवल डांटा तो किशोरवयीन बच्चे आत्महत्या या खुद को हानि पहुँचाते, घर से भाग जाना या अनुचित कदम उठाने जैसे अपराध करते है, संगीन अपराधों के लिए बड़े अपराधियों जैसी गैंग बनाकर घूमते हैं। चोरी, डकैती, तस्करी, बलात्कार, खून, जानलेवा हमला करने जैसे गंभीर गुनाहों में भी किशोरवयीन बच्चे लिप्त होने की घटनाएं हैं। स्कूली बच्चों द्वारा अपने शिक्षक पर भी जानलेवा हमले करने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। कम उम्र में ही गर्लफ्रेंड, बॉयफ्रेंड का चलन, सोशल मीडिया की लत, नशाखोरी, झूठा दिखावा करना, बात-बात पर झूठ बोलना संस्कारों की कमी, चरित्रहीनता, अश्लीलता, फूहड़ता ने समाज में जहर घोल दिया हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए मर्यादाओं को लांघकर बेशर्मी का चोला पहनकर अनेक युवा जिंदगी बर्बाद कर चुके हैं।

दूसरी ओर अभिभावकों का अपने बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों पर अँधा भरोसा, बच्चों को समय न देना, बच्चों को पोषक वातावरण न देना, बच्चों से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना, प्रतियोगिता का माहौल बनाना, बच्चों पर दबाव डालना या बच्चों की भावनाओं को अभिभावकों द्वारा न समझना भी आजकल किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य की वजह हैं। किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 2 मार्च को विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, यह दिवस जागरूकता बढ़ाने, स्टिग्मा को कम करने, चिंता और तनाव, अवसाद जैसी किशोरवयीन स्वास्थ्य चुनौतियों के बारे में खुली बातचीत को बढ़ावा देने और साथ ही स्वन्देखभाल नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देता हैं। इस साल 2026 की थीम किशोरवयीन विद्यार्थियों को उनके स्कूलों में स्वास्थ्यवर्धक कल्याणकारी उपक्रम हेतु नेतृत्व करने के लिए मजबूत बनाना यह हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, किशोरवयीन बच्चे शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक बदलावों की वजह से मानसिक स्वास्थ्य समस्या के शिकार हो जाते है, जिसमें गरीबी, गलत व्यवहार या हिंसा शामिल हैं। इन्हें ऐसी समस्याओं से बचाकर बेहतर जीवन के लिए आवश्यक पोषक वातावरण निर्माण कर देना बेहद जरुरी हैं। ऐसा अनुमान है कि, दुनिया भर में, 10-19 साल की उम्र के हर सात में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का शिकार है, यह दुनिया भर में होने वाली कुल बीमारियों का 15 प्रतिशत है, फिर भी इन समस्या को ज़्यादातर पहचाना नहीं जाता और उनका इलाज नहीं किया जाता। ज़िंदगी भर होने वाली सभी मानसिक बीमारियों में से आधी 14 साल की उम्र में शुरू हो जाती हैं। ऐसे मानसिक समस्या वाले बच्चे सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव, कलंक पढ़ाई में मुश्किल, जोखिम लेने का व्यवहार, शारीरिक बीमारी और मानवाधिकारों के उल्लंघन के शिकार होते हैं। व्यवहार संबंधी मानसिक विकार बड़े किशोरों की तुलना में छोटे किशोरों में ज़्यादा आम हैं। किशोरवयीन बच्चों में बीमारी और विकलांगता के मुख्य कारण डिप्रेशन, एंग्जायटी और बिहेवियरल डिसऑर्डर हैं। 15-29 साल के बच्चों में आत्महत्या मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार सुविधा न मिलने के कारण उनके बड़े होने पर उन्हें समाज, परिवार में योग्य स्थान प्राप्त नहीं मिल पाता, जिसके कारण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक संघर्षों का सामना करना पड़ता हैं। अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, कंडक्ट डिसऑर्डर, बिहेवियरल डिसऑर्डर किशोरों की पढ़ाई पर असर डालकर क्रिमिनल बिहेवियर का खतरा बढ़ा सकते है, जो समस्त मानव समाज के लिए चिंता का विषय होता हैं।

आज के समय में किशोरवयीन बालकों में मानसिक स्वास्थ्य समस्या के लिए अभिभावक सबसे ज्यादा दोषी हैं। बच्चे अभिभावकों की जिम्मेदारी है और अभिभावक यही बात भूल जाते हैं। बच्चों के लाड-प्यार या जिद पूरी करने से ही जिम्मेदारी पूरी नहीं होती हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक जरूरतों को समझना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। बच्चों के लिए आवश्यक और उनकी जिद के बीच के अंतर को समझना चाहिए। अक्सर अभिभावक कहते है कि हम बच्चों के लिए पैसा कमाने में व्यस्त रहते है, लेकिन दुनिया में हर जरुरत पैसे से नहीं खरीद सकते या हर जरुरत को पैसे से पूरा नहीं किया जा सकता। बच्चों को सही समय पर उनका साथ देना जरुरी होता है, बच्चों के साथ दोस्त बनकर थोड़ा ही सही लेकिन समय बिताना भी जरुरी होता हैं। अपने बच्चे है इसलिए उनकी गलतियों पर पर्दा डालना या जिद करते है इसलिए उनकी नाजायज मांग भी पूरी करना तो सरासर गलत हैं। आज दुनिया भर में या हम जो समाज में अपराधी देखते है, शायद सही वक्त पर उन अपराधियों को उनके अभिभावकों ने अच्छी परवरिश, संस्कार और बेहतर पोषक वातावरण निर्माण कर दिया होता तो आज वे समाज के लिए नासूर न बने होते। रोजाना स्वस्थ नींद, नियमित रूप से व्यायाम, शारीरिक और मानसिक कसरत वाले खेल खेलना, समस्या का समाधान करने और पारस्परिक कौशल विकसित करना और भावनाओं को प्रबंधित करना सीखना जरुरी हैं। घर-परिवार, स्कूल और व्यापक समुदाय के भीतर एक सुरक्षात्मक और सहायक वातावरण महत्वपूर्ण हैं।

अध्ययन से पता चला है कि स्कूल जाने वाले बच्चों में मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम 23.33 प्रतिशत है। पढ़ाई का दबाव, सोशल मीडिया का ज़्यादा इस्तेमाल और परिवार का टूटना तनाव में काफी योगदान देते हैं, जिसमें 43 प्रतिशत विद्यार्थी मूड स्विंग्स और 11 प्रतिशत चिंता की बात करते हैं। 10 प्रतिशत से भी कम युवा भारतीयों के पास औपचारिक मानसिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच हैं। मानसिक स्वास्थ्य विकार में अधिकतम किशोर मदद लेने से झिझकते हैं। साइबरबुलिंग, सोशल तुलना और इंटरनेट की लत बढ़ रही है, 15-19 साल के बच्चों में शराब का सेवन काफी हैं। 13-17 साल के लगभग 7 प्रतिशत किशोरों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकार होते हैं, और युवाओं में मौत का सबसे बड़ा कारण आत्महत्या हैं। बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत करने के लिए और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु अभिभावकों ने बच्चों के साथ समय बिताना बहुत जरुरी हैं। शारीरिक गतिविधियां और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक पॉजिटिव रिश्ता होता है, खेलकूद करने पर तनाव कम होने लगता है, इसलिए अभिभावकों ने अपने बच्चों को साथ लेकर बाहर साइकिलिंग, स्केटिंग, स्विमिंग, हाइकिंग, या कोई भी मैदानी खेल खेलने ले जाना चाहिए। बच्चों के साथ हंसी मजाक करना, उन्हें सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए स्वयंसेवक के रूप में प्रोत्साहित करना, साथ में खाना, नाश्ता करना, दिनभर के गतिविधियों पर चर्चा करना, व्यायाम योगा का महत्त्व समझना, अच्छे संस्कार, भेदभाव को भूलकर मानवता का सन्देश देना, प्रकृति और देशसेवा को प्रथम स्थान देना जैसी बातें बच्चों को समझाना अभिभावकों, शिक्षकों का परम कर्तव्य हैं। बच्चों की खूबियों या फिर गलतियों को कभी नजरअंदाज न करें, उन्हें सही समय पर सही दिशा देना जरुरी होता हैं। इस प्रकार बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे और बुरी आदतों से दूर रहेंगे, इससे उनमे मानसिक स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होने की संभावना नहीं होगी।

**- डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## हिंदी मीडियम के मराठी पेपर में नकलची पकड़ा 4, 435 छात्रों ने दिया मराठी का पेपर

**गोंदिया**-10वीं कक्षा की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई हैं. इसमें हिंदी मीडियम के विद्यार्थियों का मराठी का पेपर सोमवार को हुआ. इसके लिए 4 हजार 522 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था तथा 4 हजार 435 विद्यार्थियों ने मराठी का पेपर दिया था, जबकि 87 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे. इस पेपर में एक नकलची पकड़ा गया. गोंदिया में केंद्र क्र. एनजी 75 पर 1 हजार 742 विद्यार्थी पंजीकृत थे और उनमें से 1 हजार 736 विद्यार्थी उपस्थित व 6 विद्यार्थी अनुपस्थित, केंद्र क्र. एनजी 76 पर 484 विद्यार्थी पंजीकृत थे और उनमें से 476 विद्यार्थी उपस्थित व 8 विद्यार्थी अनुपस्थित, केंद्र क्र. एनजी 77 पर 763 विद्यार्थी पंजीकृत थे. उनमें से 736 उपस्थित व 27 अनुपस्थित, तिरोड़ा तहसील में 28 विद्यार्थी पंजीकृत थे और उनमें से 28 विद्यार्थी उपस्थित थे.



### आमगांव में 373 छात्र पंजीकृत

आमगांव तालुका में 373 विद्यार्थी पंजीकृत थे. उनमें से 345 विद्यार्थी उपस्थिति व 28 विद्यार्थी अनुपस्थित, देवरी तहसील में 27 विद्यार्थी पंजीकृत थे और उनमें से 27 विद्यार्थी उपस्थित थे. अर्जुनी मोरगांव तहसील में 228 विद्यार्थी पंजीकृत थे. उनमें से 226 विद्यार्थी उपस्थित व 2 अनुपस्थित, सड़क अर्जुनी तहसील में छह विद्यार्थी पंजीकृत थे और सभी उपस्थित थे. गोरेगांव तहसील में 76 विद्यार्थी पंजीकृत थे. जिनमें से 75 विद्यार्थी उपस्थिति व एक अनुपस्थित, सालेकसा तहसील में 795 विद्यार्थी पंजीकृत थे व जिसमें 15 विद्यार्थी अनुपस्थित थे.

## मानधन बढ़ोतरी की मांग, परेशानियों से हो रही दिक्कतें स्कूलों में पोषण आहार पकाने वाली महिलाओं का धरना

**गोंदिया**-शालाओं में पोषण आहार पकानेवाली महिलाओं ने महाराष्ट्र राज्य जिला परिषद, नगर परिषद, महानगरपालिका स्वयंपाकी महिला संघ के बैनरतले जिला परिषद के सामने एक दिवसीय धरना आंदोलन कर मानधन में बढ़ोतरी करने की मांग की है. इन महिलाओं को पोषण आहार पकाने के लिए दिन के मात्र 83 रु. दिए जा रहे हैं जो माह के 2500 रु. होते हैं. संघ की जिलाध्यक्ष चंदा बी. दमाहे ने एक दिवसीय धरना आंदोलन के माध्यम से जानकारी दी कि उनसे अल्प मानधन देकर काम करवाया जा रहा है. जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो मानधन दिया जा रहा है वह 12 माह के बजाय 410 माह का ही मिल रहा है. मुख्याध्यापक व शाला व्यवस्थापन समिति द्वारा हम पर दबाव डालकर शाम को 5 बजे तक कार्य करने को कहा जाता है. जिसका विरोध करने पर कार्य मुक्त करने की धमकी दी जाती है. शासन निर्णय की बात करें तो 4 घंटे काम करने को कहा गया है.



### नियमित मानधन दिया जाए

इस एक दिवसीय धरना आंदोलन के माध्यम से मांग की गई है कि पोषण आहार पकानेवाली महिलाओं को 10 माह के बजाय 12 माह तक नियमित मानधन दिया जाए,

महिलाओं को स्थायी रूप से सेवा में शामिल किया जाए, न्यूनतम वेतन कानून के तहत न्यूनतम वेतन लागू किया जाए, सेवा से कम करते समय उचित कार्यप्रणाली का उपयोग किया जाए, 10 हजार रु. वेतन कानून के तहत वेतन लागू किया जाए, शाला व्यवस्थापन समिति के दबाव को कम किया जाए व अगर किसी शाला में विद्यार्थी संख्या कम हुई तो वहां की भोजन पकानेवाली महिला को अन्य शाला में नियुक्त किया जाए. ज्ञापन की प्रतिलिपि गोंदिया, तिरोड़ा, आमगांव व सालेकसा के विधायकों, जिला परिषद के वरिष्ठ अधिकारी को दी गई है.

## लेडीज बैग व फॉसिल की घड़ी बरामद RPF ने चोर को 24 घंटे के अंदर धरदबोचा



**गोंदिया**-रेलवे सुरक्षा बल, दपूमरे, नागपुर मंडल द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के अंतर्गत ट्रेनों व रेलवे परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. रेलवे सुरक्षा बल मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में ट्रेन क्र. 20846 भगत की कोठी एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का लेडीज हैंडबैग चोरी होने का मामला 23 फरवरी को शासकीय रेल पुलिस थाना राजनांदगांव में दर्ज किया गया था. 24 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंदिया, मंडल टास्क टीम नागपुर व अपराध गुप्तचर शाखा गोंदिया द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए नागपुर रेलवे के पूर्वी आउटर मोमिनपुरा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति को लेडीज हैंडबैग सहित पकड़ा गया. पूछताछ में आरोपी ने ट्रेन में नागपुर से गोंदिया के बीच यात्री के सो जाने का लाभ उठाकर हैंडबैग चोरी करना स्वीकार किया. बरामद सामग्री में फॉसिल कंपनी की घड़ी (15,000 रु.), 02 नग गॉगल (4,000 रु.), नगद 1,500 रु., मोबाइल चार्जर, सिल्वर कोटेड कंगन (7,000 रु.) सहित अन्य सामग्री कुल लगभग 27,500 रु. मूल्य की पाई गई. आरोपी को शासकीय रेल पुलिस थाना गोंदिया को सुपुर्द किया गया, पूर्व में दर्ज अपराध में संलग्न किया गया है.

## आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ जिप स्कूल ई-पुस्तकालय अध्ययन कक्ष का किया उद्घाटन

**अर्जुनी मोरगांव**-सिरेगांवबांध स्थित जिप वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय और स्मार्टग्राम ग्रापं सिरेगांवबांध की ओर से जिप वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय सिरेगांवबांध में ई-पुस्तकालय और अध्ययन कक्ष का उद्घाटन तथा महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के पास सभामंडप निर्माण और सौंदर्याकरण का भूमिपूजन अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार बडोले ने किया. सिरेगांवबांध और आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकों और अध्ययन कक्ष की आवश्यकता होती है. जिप वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय सिरेगांवबांध और ग्रापं सिरेगावबांध के संयुक्त प्रयास से जिप वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय सिरेगावबांध की इमारत में नया पुस्तकालय, ई-पुस्तकालय और अध्ययन कक्ष शुरू करने का निर्णय लिया गया. लोकार्पण समारोह में पंस सदस्य पुष्पलता दृरुगकर, सरपंच सागरता चिमणकर, उपसरपंच इंजी. हेमकृष्ण संग्रामे, राकांपा तहसील अध्यक्ष लोकपाल गहाणे, जिप सदस्य यशवंत गणवीर, राकांपा ओबीसी सेल जिला अध्यक्ष अध्यक्ष किशोर तरोणे, होमराज पुस्तोडे, मधुकर मरस्कोल्हे, व्यंकट खोब्रागडे, राजेश कापगते, राजेश डोंगरवार सभी ग्रापं सदस्य, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे.



## ग्रामीणों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता सफल स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सालेकसा**-ग्रापं गांधीटोला की ओर से मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के अंतर्गत गांधीटोला स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में एनीमिया जांच, रक्त जांच, शुगर जांच तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए गए. गांव के नागरिकों ने इस पहल को उत्स्फूर्त प्रतिसाद देते हुए बड़ी संख्या में सहभाग दर्ज किया गया. इस शिविर के सफल आयोजन के लिए ग्रापं गांधीटोला की सरपंच दीपिका मेंढ़े,उपसरपंच किशोर लोथे तथा ग्रापं सदस्य वनिता भांडारकर, उर्मिला शिवणकर, सुनीता फुंडे, पार्थसिंह बैस, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक ग्यानीरामजी फुंडे, रामेश्वर नागरीकर, देवनाथ दोनोडे के साथ ग्रापं अधिकारी राहुल हटवार व रोजगार सेवक भूमेश्वर खंडारकर ने प्रयास किया. स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी डा. दिनेश कटरे, चिकित्सा अधिकारी डा. स्नेहा दोनोडे, स्वास्थ्य सेविका विद्या बहेकार, ईशा रहिले, लैब टेक्निशियन पलक ठाकरे तथा आशा सेविका छाया वाढई, गायत्री खरवडे, ममता वाढई, रामिता ब्राह्मणकर व विनू खांडवाये ने सहयोग प्रदान किया.



## आंगनवाड़ी सेविकाओं के हुनर ने जीता दिल



**सड़क अर्जुनी**-जिप महिला व बालकल्याण विभाग तथा महिला व बालविकास विभाग पंस सड़क अर्जुनी की ओर से तहसील स्तरीय महिला मेले का आयोजन आशीर्वाद लॉन, तहसील कार्यालय के आगे सड़क अर्जुनी में किया गया था. जिसे आंगनवाड़ी सेविका, मदतनीस की उपस्थिति में अच्छा प्रतिसाद मिला. उद्घाटन बालकल्याण सभापति पौर्णिमा देंगे के हाथों, पंस सभापति चेतन वडगाये की अध्यक्षता में हुआ. अतिथि के रुप में जिप सदस्य डॉ. भुमेश्वर पटले, चंद्रकला डोंगरवार, कविता रंगारी, निशा तोडासे, सुधा रहांगडाले, जयश्री देशमुख, कविता कापगते, गुटविकास अधिकारी दिलीप खोटेले, पूर्व पंस उपसभापति निशा काशिवार, पूर्व सभापति संगिता खोब्रागड़े आदि उपस्थित थे. मेले में आंगनवाड़ी मदतनिसों ने सामूहिक व व्यक्तिगत नृत्य प्रस्तुत किया. शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ष के बच्चों ने उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थितों का ध्यान आकर्षित किया.

# वैकल्पिक मार्ग का नक्शा भूले अधिकारी परसवाड़ा-बोरा मार्ग बंद होने से जनता की बढ़ी मुसीबत, मरम्मत की मांग



**तिरोड़ा**-तहसील में परसवाड़ा से बोरा जाने वाली सड़क की हालत बद से बदतर हो गई. सड़क के गड्ढे दुर्घटनाओं न्योता दे रहे हैं. इसलिए लोगों ने कई बार शिकायत की और सड़क की मरम्मत की मांग की. इसके लिए ग्रामवासियों ने आंदोलन भी किया. जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने परसवाड़ा बोरा सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है. इस सड़क पर बने पुल का भी नवीनीकरण किया जा रहा है. इसके लिए विभाग और ठेकेदार ने सड़क बंद कर दी. लेकिन, वैकल्पिक रास्ता तैयार नहीं किया गया. जिससे किसानों, नागरिकों और विद्यार्थियों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है. सड़क बनाते समय वैकल्पिक मार्ग का पर्याय रहता है. इसके लिए निधि भी मंजूर की जाती है. लेकिन, उक्त सड़क पर काम के दौरान वैकल्पिक मार्ग तैयार न होने से ग्रामवासियों ने अंदाज पत्रक पर सवाल उठाया हैं. तिरोड़ा तहसील की परसवाड़ा बोरा सड़क परिसर के कई गांवों के लिए मुख्य यातायात वाली सड़क है. सोनेगांव, डब्बेटोला, बोरा के नागरिकों और छात्रों को पढ़ाई और दूसरे कामों के लिए आना जाना पड़ता है. लेकिन, इस सड़क पर गड्ढों की वजह से आस-पास के गांवों के नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया. नागरिकों को गड्ढों से होकर आने-जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था.

### विभाग के काम पर लोग उठ रहे सवाल

सड़क बंद करते समय एक वैकल्पिक सड़क बनाना जरूरी है ताकि यातायात में रुकावट न आए. इसके लिए बजट में निधि दिया जाता है. लेकिन, ठेकेदार ने वैकल्पिक मार्ग बनाए बिना ही सडक बंद कर दी, जिससे आस-पास के गांवों में यातायात पूरी तरह से बंद हो गया है. इससे किसानों, नागरिकों और छात्रों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है और उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है. इससे लोक निर्माण विभाग के काम पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या अधिकारी बजट बनाते समय वैकल्पिक मार्ग के बारे में भूल गए. परिसर के नागरिकों ने मांग की है कि जांच के बाद तत्काल वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए.

## भिन्न भाषी साहित्य मंडल का 69 वा वसंतोत्सव कवियों ने समसामयिक रचनाओं से वासंती छटा बिखेरी




**गोंदिया**-प्रतिमाह कवि गोष्ठी का आयोजन कर आंचलिक व स्थानीय कवियों को मंच प्रदान करने एवं उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करने के निरंतर जारी प्रयास के तहत भिन्न भाषी साहित्य मंडल गोंदिया ने फरवरी माह की कवि गोष्ठी संस्था के 69 वे वसंतोत्सव के रूप में आयोजित की। दिनांक 22 फरवरी रविवार को दोपहर में आयोजित कवि गोष्ठी की अध्यक्षता पं. बजरंगलाल जी शर्मा ने की। बतौर प्रमुख अतिथि नैनपुर मध्यप्रदेश से आए प्रसिद्ध कवि श्री वल्लभ यमुनेश्वरी, विशेष अतिथि ज्येष्ठ नागरिक संघ के श्री दुलीचंद बुद्धे, मंच संचालक वरिष्ठ कवि श्री रमेश शर्मा तथा गोष्ठी के प्रभारी संयोजक कवि डा. नरेश. आर. गुप्ता मंच पर उपस्थित थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के तैलचित्र का समस्त अतिथियों ने विधिवत पूजन किया। अतिथियों का स्वागत श्री रूपचंद जुम्हारे, श्री संतोष सिंह नैकाने, श्री विजय मेश्राम, श्री रोमेन्द्र बोरकर,श्री छगन पंचे छगन, श्री मनोज एल जोशी, ने किया। विशेष उल्लेखनीय यह कि इसी माह संस्था के सदस्य श्री नरेश आर गुप्ता का जन्मदिन एवं विवाह की वर्षगाँठ होने पर संस्था तथा उपस्थित उनके मित्र वर्गो की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर श्री नरेश गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी सौ. अर्चना गुप्ता का सत्कार कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु दामपत्य जीवन की शुभकामनायें देते हुए बधाई दी गई। मासिक कवि गोष्ठी की शुरुआत वरिष्ठ कवि गीतकार श्री शशि तिवारी के मधुर स्वरों में माँ सरस्वती की नव रचित वंदना से हुआ। पश्चात अन्य कवियों में सर्वश्री विजय मेश्राम, रूपचंद जुम्हारे, रोमेन्द्र बोरकर, डा. अनुराग नागपुरे, टी एल बावणे,संतोष सिंह नैकाने, किशनलाल सिंह गुरु,के डी अरोरा, मनोज बोरकर मुसव्विर, नरेश आर गुप्ता, छगन पंचे छगन,शशि तिवारी,रमेश शर्मा, कवयित्री शालू कृपाले, कीर्ति अग्रवाल,भारती किरनापुरे, एवं वल्लभ यमुनेश्वरी के काव्यपाठ का रसिको ने आनंद उठाया। गोष्ठी में विशेषकर वसंत पर अधिकाधिक कविताएँ पढ़ी गई जिससे वातावरण वसंतमय हो गया। अन्य उपस्थितों में गायक कलाकार श्री बिपिन शाह, डॉ. देसाई दिल्ली, कवयित्री डा. किंजल मेहता, एड. वीणा वाजपेयी, एड. अनिता शर्मा, प्राचार्य मधु पांडे,वरिष्ठ कवि प्रकाश मिश्रा, काव्य रसिक श्री कन्हैयालाल तिवारी,श्री हरीश कुंगवानी, श्री देवकिनदंन गुप्ता ,आदि का समावेश था जिनका भी स्वागत किया गया।आरंभिक प्रस्तावना मंडल के संयोजक श्री शशि तिवारी ने रखी। संचालन का दायित्व बखूबी संभाला वरिष्ठ कवि श्री रमेश शर्मा ने। अध्यक्षीय संबोधन मे पं. बजरंग लाल शर्मा ने मासिक कवि गोष्ठी में नये कवियों एवं रसिकों के आगमन को संस्था के लिए गौरव निरूपित करते हुए संस्था के पदाधिकारियों को बधाई दी। आभार सचिव श्री मनोज एल जोशी ने माना। व्यवस्था में लोकेश यादव, रेड्डी, हर्षल ईश्वरकर आदि ने सहयोग किया।

## इंजीनियरिंग छात्र ने लगाई फांसी



**साकोली**-जमनापुर स्थित बाजीरावजी करंनजेकर इंजीनियरिंग कॉलेज के एक छात्र की ओर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई. मृतक छात्र की पहचान सूरज बिरनवार के रूप में हुई है, जो बीटेक की पढ़ाई कर रहा था. घटना सोमवार, 23 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे की है. सूरज ने अपने कमरे में सीलिंग फैन से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. बताया जा रहा है कि सूरज पिछले कुछ समय से काफी तनाव और डिप्रेशन में था. जब उसके दोस्तों और पड़ोसियों को इस घटना की भनक लगी, तो तुरंत साकोली पुलिस स्टेशन को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पीएसआई अर्जुन बेदेवार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर साकोली के उप-जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉ. गाडगे के मार्गदर्शन में शव का पोस्टमार्टम किया गया. फिलहाल साकोली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छात्र के इस आत्मघाती कदम के पीछे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है. छात्र की मौत से कॉलेज परिसर और उसके मित्रों में शोक की लहर दौड़ गई है.

## क्रिकेट, फुटबॉल व कबड्डी में मारी बाजी साकोली के खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन



**साकोली**-चंद्रपुर जिले के वरोरा (आनंदवन) में आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट, फुटबॉल और कबड्डी चैंपियनशिप में एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल साकोली के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया. इसमें 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक क्रिकेट दल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया. इसी वर्ग में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आयुष मुंगूलमारे को प्रदान किया गया. वहीं 17 वर्ष से कम आयु वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया. साथ ही 17 वर्ष से कम आयु वर्ग बालिका कबड्डी टीम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया. उल्लेखनीय है कि विजेता सभी खिलाड़ियों का चयन मई माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया गया है. इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक डॉ. राजेश चंदवानी, व्यवस्थापक जी.एच. ठाकरे, प्राचार्या डॉ. संचिता ब्रह्मचारी, अमीतोज कौर, खेल शिक्षक प्रविण कठाने तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, सहयोगी पालकों और एएचपीएस परिवार ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

## नेवले का युवा किसान पर हमला

**लाखांदुर**-पिछले 4 महीनों पूर्व नेवलों ने उत्पात मचाते हुए नियमित अंतराल से तहसील के कुडेगांव के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न 12 व्यक्तियों पर हमला कर जख्मी करने की घटनाए सामने आयी थी. अपने खेत में काम कर रहे कूड़ेगांव निवासी धनराज बावनकुले (40) नामक किसान पर नेवले ने हमला कर दिया. उसे कुडेगांव के प्रायमरी स्वास्थ अस्पताल एवं लाखांदुर के ग्रामीण अस्पताल में दवाई इलाज किया गया है. सूत्रों के अनुसार दोपहर तक खेतीकाम कर कुछ समय के लिए धनराज बावनकुले अपने खेत के मकान में बैठकर आराम कर रहे थे. इस दौरान नेवले ने हमला कर उसे जख्मी कर दिया. धनराज को स्थानीय प्रायमरी स्वास्थ अस्पताल पहुंचकर दवाई इलाज किया. जबकि आगे का इलाज लाखांदुर के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती होकर किया है.

## लंबित मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार आंदोलन शुरू 102 एंबुलेंस के चालक अड़े



**भंडारा**-पिछले 20 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में सेवा दे रहे 102 एंबुलेंस चालकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सोमवार से कार्य बहिष्कार आंदोलन शुरू कर दिया है. एंबुलेंस चालक संगठन ने भंडारा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिलिंद सालवे को ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी होने तक काम बंद रखने की चेतावनी दी है. राज्यव्यापी आंदोलन के तहत आज़ाद मैदान, मुंबई में सोमवार से शुरू हुए धरने को समर्थन देने के लिए जिले के चालकों ने भी यह कदम उठाया है. एंबुलेंस सेवा बंद रहने से ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है. चालक संगठना ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें स्वीकार नहीं की गईं, तो जिला परिषद कार्यालय पर भव्य मोर्चा निकाला जाएगा. ज्ञापन सौंपते समय जितेंद्र डोंगरे, आशीष लांजेवार, शशी गणवीर, कृष्णा तलमले, नितीन कावले सहित अनेक चालक उपस्थित थे. इस आंदोलन के कारण आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है, जिससे प्रशासन की चिंता बढ़ गई है.


**जिल्हाधिकारी कार्यालय गोंदिया**

**'कार्यालयामधील जुन्या व निरूपयोगी जडवस्तु' जीर्ण साहित्याचे निर्लेखनबाबत निविदा सूचना**

सामान्य प्रशासन विभाग, महाराष्ट्र राज्य यांचे शासन निर्णय दिनांक 13/01/2025 नुसार राज्यातील सर्व क्षेत्रीय शासकीय व निमशासकय कार्यालयानी 100 दिवसाच्या कृति आराखडा अंतर्गत परिच्छेत क्र. 3 अन्वये प्रचलित नियम, कार्यपध्दतीप्रमाणे शासकीय व निमशासकीय कार्यालयांमध्ये निंदणीकरण, नष्टीकरण व निर्लेखनाची प्रक्रिया प्राधन्याने व निरंतरपणे राबविण्याबाबत निर्देश दिले असून वित्त विभाग, महाराष्ट्र राज्य यांचे परिपत्रक दिनांक 18/06/1991 मध्ये निरुपयोगी, दुरुस्ती न होणायोग्य अथवा गरजेपेक्षा अतिरिक्त असलेल्या शासकीय भंडार वस्तू, यंत्रसामुग्री, वाहने इत्यादींची लिलावाने विक्री करण्याबाबत निर्देश निर्गमित करण्यात आले आहे.

| खरेदी वर्ष | 2001 | 2002 | 2003 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लिलाव किमंत | 394842 | 579 | 37506 | 75622 | 31209 | 58808 | 101450 | 226459 | 25198 | 57412 | 716605 | 284008 | 39966 |

अटी शर्ती तसेच निविदाचे विहित प्रपत्र जिल्हा नाझर तथा सहायक महसूल अधिकारी, जिल्हाधिकारी कार्यालय, गोंदिया कक्ष क्र. 207 यांचेकडे कार्यालयीन वेळेत 1500/- **(एक हजार पाचशे रुपये फक्त) भरुन उपलध्द होवू शकतील वरिल प्रमाणे सहित्यासाठी खरेदी करण्याकरिता रु.** 7500/- **(सात हजार पाचशे रुपये फक्त)** अनामत रक्कमेच्या डिमांड ड्राफ्ट सह मोहरबंद निविदा सादर करावी. मोहरबंद निविदेमध्ये जास्तीत जास्त रक्कम नमुद करणाऱ्या व्यक्तीस / संस्थेस निरुपयोगी, दुरुस्ती न होणायोग्य साहित्य खरेदी (उचल) करण्याबाबत चे आदेश निर्गमित होईल. या निविदेत रद्द करण्याचे किंवा इतर निर्णय घेण्याचे सर्वाधिकार जिल्हाधिकारी कार्यालय, गोंदिया यांनी राखून ठेवले आहेत.

**// निविदा तपशील //**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म विक्री तारीख (कार्यालयीन दिवशी) | दिनांक 27.02.2026 ते 05.03.2026 |
| 2 | निविदा स्विकारण्याची अंतिम तारीख | दिनांक 05.03.2026 दुपारी 3.00 वाजता पर्यंत |
| 3 | निविदा उघडण्याची तारीख | दिनांक 06.03.2026 दुपारी 12.00 वाजता |

स्वा /-
निवासी उपजिल्हाधिकारी
गोंदिया


# कागजों पर शौचालय मरम्मत, व्यायामशाला से पुस्तकालय तक लूट खैरबोड़ी के सरपंच पर गड़बड़ी के आरोप




**तिरोड़ा**-तहसील की स्वैरबोड़ी ग्राम पंचायत में सरपंच पर प्रधानमंत्री आवास योजना (आवास) समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत प्राप्त निधि की बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं. इस संबंध में ग्राम पंचायत के उपसरपंच तथा पांच सदस्यों ने वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है. आरोप है कि मासिक सभाओं में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया. सामग्री की खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और मनमाने तरीके से सामग्री खरीदी गई. पद का दुरुपयोग करते हुए 15,000 रु. की राशि सरपंच के पति विनोद टेंभरे के खाते में जमा कराने का आरोप है. शिकायत के अनुसार सरपंच ने घरकुल योजना का लाभ लिया, जबकि उनके पति आयकर रिटर्न भरने वाले हैं और कृषि उपज बाजार समिति में लाइसेंसधारी व्यापारी व दलाल के रूप में कार्यरत हैं. इसके अलावा, पति के नाम पर पशुओं के गोठे (शेड) का लाभलेने का भी आरोप लगाया गया है. सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत के नाम पर 1.20 लाख रु. की राशि निकाली गई, लेकिन मौके पर कोई कार्य होता दिखाई नहीं देता. 2022 से 2025 तक के निधि के अपव्यय का खुलासा- वर्ष 2025 में व्यायामशाला की सामग्री खरीदी के लिए 30 हजार रु., पुस्तकालय में पुस्तकें व फर्नीचर खरीदे बगैर 50 हजार रु. तथा जिला परिषद स्कूल के शौचालय मरम्मत कार्य में 60 हजार रु. की राशि के दुरुपयोग का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है. आरोप है कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान विभिन्न मदों में बड़ी मात्रा में निधि निकालकर उसका अपव्यय किया गया. इस पूरे मामले की शिकायत जिलाधीश, जिप सीईओ, तिरोड़ा पंचायत समिति के खंडविकास अधिकारी से की गई है.

### जिलाधीश और CEO से की जांच की अपील

शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कर दोषी पाए जाने पर सरपंच विद्या विनोद टेंभरे को पद से हटाया जाए. यह मांग उपसरपंच महेश ठाकरे के साथ ग्राम पंचायत सदस्य दीक्षा नागदेवे, शकुंतला मरस्कोल्हे, भूमिता टेंभरे, अनिता टेंभरे और आकाश परतेती ने की है. अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पंचायत समिति और संबंधित अधिकारी इस मामले में कितनी गंभीरता से संज्ञान लेते हैं. खैरबोड़ी गांव समेत आसपास के नागरिकों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं.

## बार-बार लोडशेडिंग से नागरिक परेशान नागरिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**सड़क अर्जुनी**-तहसील के राका, पिपरी, पलसगांव, फुटाड़ा आदि गांवों में बिजली आपूर्ति कभी भीखंडित हो रही है. लोडशेडिंग की कोई भी आधिकारिक घोषणा न होने पर भी मेंटेनेंस का कारण बताकर दिनभर बिजली बंद-चालू की जा रही है, जिससे नागरिक आक्रोशित हो गए हैं. क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही होने के कारण अंधेरे में खेतों में जाना जान जोखिम में डालना है. अचानक बिजली बंद हो जाने से किसानों को रात में पानी के लिए दौड़ना पड़ता है. अगर कोई जनहानि होती है तो उसकी जिम्मेदारी बिजली कंपनी लेगी क्या, ऐसा आक्रोशित सवाल उठाया जा रहा है. बिजली कब आएगी, इसका स्पष्ट उत्तर न मिलने से ग्रामीण परेशान हैं. किसानों की स्थिति तो और भी खराब हो गई है. मक्का और धान की फसलों को पानी देने के लिए पंप चालू करना हो तो बिजली गायब हो जाती है. बार-बार ट्रिपिंग के कारण मोटरें, ऑटो, स्टार्टर जल रहे हैं. हजारों रु. का नुकसान होते हुए मुआवजे के बारे में प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया मिलती, ऐसी शिकायत है. स्थानीय लोगों का कहना है कि, स्थायी लाइनमैन न होने के कारण खराबी घंटों तक लंबित रहती है. शिकायत करने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता. वरिष्ठ अधिकारी तुरंत ध्यान देकर जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई करें.

# अवैध खैर लकड़ी का भंडार जब्त गटधारक के खिलाफ मामला



**भंडारा**-तुमसर तहसील के सिहोरा से सटे बोरगांव क्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खेत में छिपाकर रखी गई अवैध रूप से काटी गई खैर प्रजाति की लकड़ी जब्त की है. इस कार्रवाई से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है. संबंधित गटधारक के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया गया है. गोपनीय सूचना के आधार पर, वन परिक्षेत्र अंतर्गत हरदोली उपवनक्षेत्र के सोनेगांव-2 बीट के मौजा बोरगांव स्थित एक खेत में खैर के पेड़ों की अवैध कटाई कर लकड़ी का भंडार छिपाकर रखने की जानकारी मिली थी. सूचना की पुष्टि के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी छगनलाल गनाजी रहांगडाले के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम ने 20 फरवरी को मौके पर छापा मारा. छापेमारी के दौरान बोरगांव के खेत में तणस (सूखी घास) के ढेर के नीचे छिपाकर रखी गई खैर प्रजाति की एक बैलगाड़ी भर लकड़ी बरामद की गई.जब्त की गई लकड़ी की अनुमानित कीमत 18,521 रुपये बताई गई है, जिसे वन विभाग ने तत्काल अपने कब्जे में ले लिया. जांच में पाया गया कि यह अवैध लकड़ी बोरगांव निवासी प्रमसिंह डोमाजी पारधी के निजी खेत, गट क्रमांक 140 में रखी गई थी.इस संबंध में संदिग्ध गटधारक प्रेमसिंह पारधी के खिलाफ महाराष्ट्र वृक्षतोड़ अधिनियम 1964 की धारा 3 के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी छगनलाल रहांगडाले, क्षेत्र सहायक एस.पी. डेहनकर और बीट रक्षक डी. एस. बेलकर की टीम ने की है. मामले की आगे की जांच वन परिक्षेत्र अधिकारी की ओर से स्वयं की जा रही है.

## महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए फ्री HPV वैक्सीन दें और जिलेवार कैंसर स्क्रीनिंग वैन दें-राजकुमार बडोले

### हेल्थ मिनिस्टर प्रकाश अबिटकर ने केंद्र सरकार के फ्री HPV वैक्सीनेशन कैंपेन के साथ-साथ राज्य में कैंसर वैन बढ़ाने का वादा किया




**बुलंद गोंदिया।( मुंबई )**- महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए सरकारी अस्पतालों में (ह्यूमन पेपिलोमावायरस) वैक्सीन फ्री में मिलनी चाहिए और ग्रामीण इलाकों में कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिए हर जिले में कैंसर स्क्रीनिंग और डिटेक्शन मोबाइल वैन मिलनी चाहिए, यह एक अहम मांग अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार बडोले ने महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सेशन में की। सर्वाइकल कैंसर 18 से 40 साल की महिलाओं में आम है, और कई मरीज तब भी सामने आ रहे हैं जब HPV वैक्सीन बाजार में उपलब्ध है। ग्रामीण इलाकों में, खासकर गोंदिया जिले जैसे आदिवासी बहुल इलाकों में, कैंसर का पता तीसरे या आखिरी स्टेज में चलता है, जब इलाज का समय निकल चुका होता है। राजकुमार बडोले ने विधानसभा में महिलाओं की हेल्थ के इस गंभीर मुद्दे की ओर ध्यान दिलाया और सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। इस पर जवाब देते हुए, पब्लिक हेल्थ मिनिस्टर प्रकाश अबिटकर ने एक सकारात्मक घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही बड़े पैमाने पर HPV वैक्सीनेशन कैंपेन शुरू करेगी। इस कैंपेन के तहत, 9 से 14 साल की लड़कियों को फ्री HPV वैक्सीन दी जाएगी, जिससे 90 परसेंट से ज़्यादा सर्वाइकल कैंसर से बचाव होगा। साथ ही, कैंसर स्क्रीनिंग के लिए मोबाइल वैन की संख्या बढ़ाई जाएगी, और सरकार का इरादा हर जिले में एक कैंसर डिटेक्शन वैन देने का है। विधायक राजकुमार बडोले की इस मांग से ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को जल्दी डायग्नोसिस और बचाव के उपाय करने में मदद मिलेगी। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि रेगुलर स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन से सर्वाइकल कैंसर को पूरी तरह से रोका जा सकता है। विधायक बडोले की लगातार कोशिशों की वजह से, राज्य और केंद्र सरकारों की इन घोषणाओं से महिलाओं की हेल्थ में सुधार की नई उम्मीद जगी है।

## गोसेखुर्द प्रकल्प पुनर्वसन ना हुए ग्रामों के लिए 1000 करोड़ की आवश्यकता

### विधायक फुके ने विधान परिषद में उठाया प्रश्न जल संपदा मंत्री ने उपाय योजना का दिया आश्वासन




**बुलंद गोंदिया।** मुंबई में शुरू बजट अधिवेशन में विधायक परिणय फुके ने विधान परिषद में गोसेखुर्द प्रकल्प के अंतर्गत जिन गांव का पुनर्वसन नहीं हुआ उनके पुनर्वसन के लिए 1000 करोड रुपए की निधि की आवश्यकता बताते हुए निधी उपलब्ध कराने की मांग की जिस पर जल संपदा मंत्री गिरीश महाजन ने सकारात्मक प्रतिशाद देते हुए उचित नियोजन करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है की मुंबई में शुरू बजट अधिवेशन के दौरान डॉक्टर परिणय फुके ने गोसेखुर्द प्रकल्प में जिन गांव का पुनर्वसन नहीं हुआ तथा उनका पुनर्वासन का मामला लटका हुआ है इस विषय को लक्ष्यभेदी प्रश्न के रूप में सभागृह के सामने प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि गोसेखुर्द प्रकल्प यह विदर्भ के लिए अत्यंत महत्व पूर्ण प्रकल्प है। 1983 में इस प्रकल्प को मंजूरी मिली थी तथा 23 अक्टूबर 1984 को उसका कार्य देश दिया गया था तथा 1988 से प्रत्यक्ष कार्य शुरू हुआ उपरोक्त प्रकल्प के तहत 2 लाख 69 हजार 512 हेक्टर क्षेत्र सिंचाई के अंतर्गत आने का लक्ष्य था। वर्तमान में 80त्न कार्य पूर्ण होने से 2लाख 52880 हेक्टर को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई है भंडारा ,नागपुर, चंद्रपुर गढ़चिरौली जिले में इस प्रकल्प से सिंचाई वह पेय जल की व्यवस्था हुई है।42 वर्षों से शुरू इस प्रकल्प के अंतर्गत अनेक गांव का पुनर्वसन हुआ है लेकिन अब भी कुछ गांव कापुनर्वसन हुआ नहीं है भंडारा जिले के मुजबी, दवडीपार, गणेशपूर, भोजापूर, कोरंबी, टिड्डी, बेला, कोतुर्णा, खैरी, कोंडी, बेटाडा, सुरबर्डी वह पेठा गांव का उसमें समावेश है। इस प्रकल्प के अंतर्गत घर व कृषि क्षेत्र बाधित हुआ है किंतु उपरोक्त विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते प्रकल्प बाधितों को लाभ नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि गत अधिवेशन में भी लक्ष्य वेधी के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई थी जिस पर राज्य मंत्री आशीष जायसवाल द्वारा शासन आदेश निकल गया था किंतु उसे और अधिक सुलभ करने की आवश्यकता है। उपरोक्त सभी गांव का पुनर्वसन करने के लिए लगभग 1000 करोड रुपए की निधि की आवश्यकता है जिसे तत्काल उपलब्ध किया जाए जिससे पुनर्वासन ग्राम में मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके ऐसी मांग विधायक डॉ परिणय फुके द्वारा विधान परिषद में की है।

## जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने मल्टीमीडिया एग्ज़िबिशन की तारीफ़



**बुलंद गोंदिया।** जिला सुचना कार्यालय की तरफ़ से नई प्रशासकीय ईमारत में सरकार की आम योजनाओं की तीन दिन की पिक्टोरियल मल्टीमीडिया एग्ज़िबिशन लगाई गई है। जिसमे उप विभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, उप जिलाधिकारी मानसी पाटिल, मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी श्रुति डोंगरे ने इस एग्ज़िबिशन को देखा, तो उन्होंने कहा कि जब से सरकार की आम योजनाओं की 40 योजनाओं की जानकारी पिक्टोरियल रूप में एक ही जगह पर उपलब्ध कराई गई है, तब से नागरिकों का इस एग्ज़िबिशन को देखने के लिए बहुत ज़्यादा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसलिए, जिले के अधिकारियों ने योजनाओं की इस पिक्टोरियल मल्टीमीडिया एग्ज़िबिशन की तारीफ़ की। गोंदिया जिले के नागरिकों को राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग डिपार्टमेंट में लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मल्टीमीडिया के ज़रिए देने के मकसद से, डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन ऑफिस की तरफ़ से 24 से 26 फरवरी 2026 तक नई एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, ग्राउंड फ़्लोर, जयस्तंभ चौक, गोंदिया में एक फोटो एग्ज़िबिशन लगाई गई है। यह एग्ज़िबिशन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सभी के लिए खुली है। हालांकि, ऑर्गनाइज़र ने किसानों, एंटरप्रेन्योर्स, महिलाओं, कॉलेज स्टूडेंट्स और जिले के लोगों से अपील की है कि वे इस एग्ज़िबिशन में आएं और सरकार की स्कीम्स का फ़ायदा उठाएं।

## विधायक रहांगडाले की पहल, प्रशासन ने उठाया कदम बोदलकसा जलाशय से छोड़ा पानी



**तिरोड़ा**-फरवरी से परिसर में पानी की बढ़ती कमी को देखते हुए, लोगों को राहत देने के लिए बोदलकासा जलाशय से नाले में पानी छोड़ा गया है. विधायक विजय रहांगडाले की पहल और मार्गदर्शन में प्रशासन ने तुरंत यह कदम उठाया. क्षेत्र में पीने और खेती के पानी की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखते हुए, संबंधित विभाग ने हालात का पूरी तरह से समीक्षा किया. उसके बाद, तुरंत फैसला लिया गया और जलाशय से पानी छोड़ा गया. इस फैसले से नाले के किनारे बसे गांवों में कुओं, डैम और दूसरे पानी के सोर्स का पानी स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी और लोगों और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी. इस अवसर पर पार्षद अनिकेत कटरे, संजय बैस, शितल तिवडे, मदन पटले व संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे. प्रशासन ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक पानी की कमी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाएगी और जरूरत के हिसाब से और कदम उठाए जाएंगे. माना जा रहा है कि इस पहल से परिसर में पीने के पानी की समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी.

## अवैध रूप से संचालित हाथभट्टी ध्वस्त



**भंडारा**-वैनगंगा नदी के किनारे अवैध रूप से संचालित हाथभट्टी पर स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की है. यह कार्रवाई सुरेवाड़ा (पुराना) क्षेत्र में की गई, जो कारधा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है. पुलिस ने मौके से कुल 70 हजार 700 रुपये का माल जब्त किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुरेवाड़ा स्थित वैनगंगा नदी के पात्र में अवैध रूप से शराब बनाई जा रही है. सूचना के आधार पर एलसीबी टीम ने छापा मारा. कार्रवाई के दौरान आरोपी सुरेवाड़ा निवासी धनराज संपत मडामे (40) को मौके पर हाथभट्टी चलाते हुए पकड़ा गया. पुलिस ने शराब बनाने का साहित्य, कच्चा माल एवं अन्य उपकरण बड़ी मात्रा में जब्त किए

## भागने की फिराक में था उदय, रेल प्रहरी ने नाकाम की कोशिश-55 मिनट में हत्यारा गिरफ्तार



**गोंदिया**-रेलवे सुरक्षा बल, दपूमरे, नागपुर मंडल द्वारा संचालित ऑपरेशन रेल प्रहरी के अंतर्गत एक गंभीर आपराधिक प्रकरण में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को सूचना प्राप्त होने के मात्र 55 मिनट के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया. रेलवे सुरक्षा बल, दपूमरे, नागपुर मंडल द्वारा राज्य पुलिस एवं अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सतत समन्वय एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से रेलगाड़ियों एवं रेल परिसर में होने वाले गंभीर अपराधों (हत्या, डकैती, तस्करी आदि) की रोकथाम तथा आरोपियों की धरपकड़ के लिए नियमित विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में 24 फरवरी को रात्रि 10.50 बजे रेसुब मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य को एलेक्जेंडर किरो, उप पुलिस अधीक्षक, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम बाकल, थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव में दर्ज हत्या प्रकरण में संलिप्त फरार आरोपी के रेलवे मार्ग से भागने की आशंका है. मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल सुरक्षा आयुक्त ने तत्काल स्वयं संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक रेसुब गोंदिया, मंडल टास्क टीम तथा अपराध गुप्तचर शाखा (सीआईबी) को आरोपी के हुलिए व उपलब्ध फोटोग्राफ के आधार पर खोजबीन व सघन जांच के निर्देश दिए.

### बाघ नदी थाना प्रभारी को सुपुर्द

तत्पश्चात पोस्ट प्रभारी गोंदिया निरीक्षक एन. पी. पाण्डेय के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम, रेसुब पोस्ट गोंदिया व सीआईबी गोंदिया के बल सदस्यों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि 11:45 बजे ट्रेन क्र. 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया जे.डी. पैसेंजर के गोंदिया प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 पर आगमन के समय सघन जांच की गई. जांच के दौरान आरोपी उदय उर्फ राज सिन्हा (22), निवासी ग्राम बाकल, थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) को पहचान कर पकड़ा गया. पूछताछ व पहचान की पुष्टि उपरांत आरोपी को तत्काल ट्रेन से उतारकर उच्च अधिकारियों व संबंधित पुलिस को सूचित किया गया. पकड़े गए आरोपी को भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत आगे की कार्रवाई के लिए बाघ नदी थाना प्रभारी को सुपुर्द किया गया.

## महिला बचत गटो के उत्पादन गुणवत्तापूर्ण- राजकुमार बडोले



**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नती अभियान उमेद द्वारा आयोजित पलाश मिनी सरस प्रदर्शनी महिला बचत गट के उत्पादन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जिसमें विधायक राजकुमार बडोले द्वारा भेट देकर महिला बचत गटों के उत्पादक गुणवत्ता पूर्ण होने के अपने विचार व्यक्त किया। गौरतलब है की महिलाओं के सक्षमिकरण के लिए महिला बचत गट के माध्यम से विभिन्न उत्पादन की प्रदर्शनी महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नती अभियान (उमेद) के माध्यम से पलाश मिनी सरस प्रदर्शनी का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया जिसमें विधायक राजकुमार बडोले द्वारा भेट देकर महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादकों की प्रशंसा की। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा बचत गट के माध्यम से उत्पादन किए गए वस्तुओं को उचित बाजार प्राप्त हो इसके लिए शासन स्तर पर वे निरंतर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा प्रकल्प की संचालकप्रमिला जाखलेकर व उनकी टीम उपस्थित थे साथ ही इस अवसर पर विधायक बडोले द्वारा प्रत्येक स्टाल में जाकर उनके उत्पादकों की बिक्री के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की।

## मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी शराब के विरोध में रास्ता रोको स्थगित



**आमगांव**-तहसील के किडंगीपार गांव में शराब दुकान बंद करने की मांग को लेकर घोषित रास्ता रोको आंदोलन को ग्रामीणों ने फिलहाल स्थगित कर दिया है. प्रशासन द्वारा समस्या का सकारात्मक हल निकालने का आश्वासन दिए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया. गांव की महिलाओं व नागरिकों ने आरोप लगाया कि शराब दुकान के कारण सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है. इस संबंध में पहले आमगांव तहसील कार्यालय तथा संबंधित विभागों को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी गई थी. इसके बाद रास्ता रोको आंदोलन की घोषणा की गई थी. इस बीच तहसीलदार मोनिका कांबले, पुलिस निरीक्षक तिरुपति राणे तथा राज्य उत्पादन शुल्क विभाग देवरी के अधिकारी आदित्य शेडमाके समेत अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा की. इस दौरान छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बनाकर जिलाधीश कार्यालय में बैठक लेकर शराब दुकान के संबंध में समाधान निकालने का आश्वासन दिया गया. प्रशासन के आश्वासन के बाद क्षेत्र का तनावपूर्ण माहौल शांत हुआ. आंदोलन फिलहाल स्थगित रखा गया है. लेकिन शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आगे और अधिक उग्र आंदोलन करने की चेतावनी ग्रामीणों ने दी है. इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे.

## सिर्फ सरकारी फंड नहीं, श्रमदान से बनेगा गांव जिप CEO ने ग्राम विकास कार्यों का लिया संपूर्ण जायजा



**कामठा/गोंदिया**- राज्य शासन के महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायतराज अभियान के अंतर्गत ग्रापं नवरगांव (कला) में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण जिप सीईओ मुरुगानंथम द्वारा किया गया. इस अवसर पर अभियान के सात प्रमुख घटकों पर विशेष जोर दिया गया. सुशासन व जनहितकारी प्रशासन को मजबूत करना, पंचायत को स्वनिधि, ष्टस्क्र व जनसहभागिता के माध्यम से सक्षम बनाना, जलसमृद्ध, स्वच्छ व हरित गांव का निर्माण, मनरेगा व अन्य योजनाओं का समन्वय, ग्राम स्तर की संस्थाओं का सशक्तिकरण, आजीविका विकास व सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना तथा जनसहभागिता व श्रमदान के माध्यम से जनआंदोलन खड़ा करना. इन बिंदुओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए. गांव में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्ध पूर्णता के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन किया गया. साथ ही जिप विद्यालय का भी दौरा कर शैक्षणिक सुविधाओं, स्वच्छता व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया गया. विद्यालय की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों व कर्मचारियों की सराहना की गई. इस अवसर पर एम. एम. वासनिक, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय लोंढे, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी लक्ष्मीकांत चिंधलोरे, वि.अ.प., जयंत तिडके, कार्तिक हेमने, सरपंच, के. टी. कोसरकर, ग्रापं अधिकारी सहित ग्राम के समस्त पदाधिकारी, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे. ग्रापं नवरगांव (कला) द्वारा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए समग्र व सतत ग्राम विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई.

## छुट्टी के दिन खुलेंगे टैक्स काउंटर व बाजार विभाग टैक्स दें अन्यथा बैनरों पर नाम




**गोंदिया**-नगर परिषद से अच्छी सेवा मिलने की उम्मीद रखी जाती है, लेकिन टैक्स देने की बारी आती है तो न तो आम लोग और न ही सरकारी कार्यालय टैक्स अदा करने के लिए सामने आते हैं. ऐसे में नागरिकों और शासकीय कार्यालयों पर नप का टैक्स बढ़ता ही जा रहा है. गोंदिया नप का नागरिकों पर करोड़ों रुपए का टैक्स बकाया है. बकाया टैक्स की वसूली के लिए नगर परिषद प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है. टैक्स का भुगतान नहीं किया गया तो जगह-जगह बैनर, होर्डिंग्स लगाकर उनके नामों को सार्वजनिक किया जाएगा. इतना ही नहीं तो टैक्स बकायादारों पर महाराष्ट्र नप अधिनियम 1965 के तहत 24 प्रश. वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाएगा. वहीं मालमत्ता जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी.नागरिकों को बकाया टैक्स के भुगतान के लिए सुविधा हो, इसके लिए शनिवार व रविवार को भी टैक्स काउंटर व बाजार विभाग का कार्यालय चालू रखा जाएगा. नप टैक्स के माध्यम से राजस्व का जुगाड़ करती है. इस राशि से साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है. लेकिन गोंदिया में टैक्स जमा करने के प्रति लोगों की रुचि कम नजर आ रही है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।